आकाशवाणी भोपाल

शाम के समाचार

दिनांक 07.06.2024 समय: 7.10 PM

आकाशवाणी

मुख्य समाचार...

- एनडीए ने आज नरेन्द्र मोदी को चुना अपना नेता, रविवार शाम को तीसरी बार लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ ।
- एमपी पीएससी राज्य सेवा परीक्षा 2021 के परिणाम घोषित, शीर्ष 10 में सात लड़कियों ने बनाया स्थान ।
- प्रदेश सरकार ने बजट पर मांगे आम लोगों से सुझाव, एक जुलाई से शुरू होगा विधानसभा का मानसून सत्र ।
- खंडवा में सायबर अपराध रोकने के लिए जिला प्रशासन ने सायबर कैफे पर कसी नकेल

-------------

एनडीए बैठक

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में शाम छह बजे आयोजित किया जाएगा। आज एन डी ए संसदीय दल की बैठक के दौरान भाजपा नेता प्रहलाद जोशी ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, श्री मोदी और नये मंत्रिमण्डल को शपथ दिलायेंगी।

एनडीए नेताओं ने आज राष्ट्रपति से मिलकर नई सरकार बनाने का दावा किया। इससे पहले आज एनडीए संसदीय दल ने सर्वसम्मति से श्री नरेन्द्र मोदी को पार्टी का नेता चुना। नई दिल्ली में पुराने संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में एनडीए संसदीय दल की बैठक के दौरान भाजपा नेता राजनाथ सिंह ने श्री मोदी के नाम का प्रस्ताव दिया जिसका

गठबंधन के सभी नेताओं ने समर्थन किया। श्री मोदी को लोकसभा में भाजपा और संसदीय दल के नेता के रूप में भी चुना गया है।

इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि एनडीए उन दलों का समूह नहीं है जो सत्ता के लिए एक साथ आए हैं, बल्कि यह राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ काम करने के लिए प्रतिबद्ध गठबंधन है। श्री मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार सुशासन, विकास और आम नागरिकों के जीवन में न्यूनतम हस्तक्षेप पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा, पिछले दस वर्षों में एनडीए ने देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का काम किया है।

कांग्रेस समीक्षा बैठक

लोकसभा चुनाव में प्रदेश में कांग्रेस को मिली करारी हार के बाद अब प्रदेश के नेता दिल्ली तलब किये गए हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चीफ जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार को दिल्ली बुलाया गया है। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से उनके आवास 10 जनपथ पर मुलाकात कर चर्चा की। सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद कमलनाथ ने कहा कि हमने मध्य प्रदेश और देश के मौजूदा राजनीतिक हालात पर चर्चा की।

एमपी पीएससी रिजल्ट

मध्य प्रदेश राज्य लोक सेवा आयोग-एमपी पीएससी राज्य सेवा परीक्षा 2021 का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। राज्य सेवा परीक्षाकी फाइनल चयन सूची में रायसेन की अंकिता पाटकर ने पहली रैंक हासिल की है। वहीं, शीर्ष 10 में सात लड़कियों ने बाजी मारी है। आयोग ने फाइनल सिलेक्शन लिस्ट के साथ-साथ मार्क्स लिस्ट भी जारी की है। आयोग ने पीएससी के तहत 290 पदों में से 246 पदों पर नियुक्ति के लिए रिजल्ट जारी किया है। दरअसल, 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण के लंबित मामले की वजह से सिर्फ 87 फीसदी पदों के लिए रिजल्ट जारी किया गया है, जबकि 13 फीसदी पदों के लिए रिजल्ट होल्ड किया गया है।

पल्स पोलियो टीकाकरण

भोपाल में 23 - 24 और 25 जून को पल्स पोलियो टीकाकरण तथा 25 जून से 27 अगस्त तक दस्तक अभियान आयोजित किया जायेगा। दस्तक अभियान के तहत 05 वर्ष तक के बच्चों की चिकित्सीय जाँच कर पल्स पोलियो टीकाकरण के अंतर्गत पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। 23 जून को राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस होगा। इस संबंध में कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे अपने-अपने वृत्त में ब्लॉक में टास्क फोर्स की बैठक आयोजित कर इस पर अमल सुनिश्चित करें।

प्रदेश बजट सुझाव

प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र एक जुलाई से शुरू होने जा रहा है, जिसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। मानसून सत्र 19 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान डॉ मोहन यादव की सरकार अपना पहले पूर्ण बजट पेश करेगी। बजट को लेकर प्रदेश सरकार ने जनता से सोशल मीडिया के जरिए सुझाव मांगे हैं। राज्य सरकार ने आज अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर MP MY Gov आईडी से एक पोस्ट में बजट 2024- 25 के लिए सुझाव मांगे हैं । इस पोस्ट में कहा गया है कि जनता के सुझाव बजट निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। लोकसभा चुनाव के चलते इस बार मानसून सत्र में बजट पेश किया जाएगा।

खंडवा साइबर कानून

खंडवा में सायबर अपराधों की घटनाओं को रोकने के लिए सायबर कैफे में सीसीटीवी केमरे लगाना अनिवार्य होगा, जिसकी कम से कम एक महीने तक रिकार्डिंग सुरक्षित रखना होगी। सायबर कैफे में कार्यरत् कर्मचारियों की पूरी जानकारी परिचय पत्र और फोटो सहित निकटतम

पुलिस थाने में जमा कराना होगी। सायबर कैफे मालिक अपने वैध लायसेंस की प्रति थाने में जमा करायेगा तथा एक प्रति अपने सायबर कैफे में मुख्य स्थान पर प्रदर्शित करेगा। सभी कम्प्यूटर सिस्टम पर पोर्न साइट फिल्टर अनिवार्य रूप से लगाना होगा। सायबर कैफे में कम्प्यूटर उपयोग करने वाले व्यक्तियों की जानकारी रजिस्टर में दर्ज की जायेगी तथा बिना आईडी प्रुफ के कम्प्यूटर संचालन की अनुमति किसी भी व्यक्ति को नहीं दी जायेगी।

मौसम

प्रदेश में तेज गर्मी के बीच आंधी और बारिश का दौर भी शुरू हो गया है। कल भी कहीं बादल तो कहीं तेज गर्मी का असर देखने को मिला। आज भी ऐसा ही मौसम है। राजधानी भोपाल में आज बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग ने बताया कि इंदौर समेत 37 जिलों में आंधी-गरज चमक की स्थिति और ग्वालियर, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, रीवा, मऊगंज और सीधी में दोपहर तक तेज गर्मी और शाम को आंधी की स्थिति बन सकती है।

टी-20 विश्व कप क्रिकेट

आईसीसी पुरुष टी-20 क्रिकेट विश्व कप में आज अब से कुछ देर बाद न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में कनाडा का मुकाबला आयरलैंड से होगा। वहीँ,कल रात मेजबान अमरीका ने पाकिस्तान को रोमांचक मुकाबले में सुपर ओवर में पांच रन से हरा दिया।

अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

18वें मुंबई अन्तर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन 15 जून से 21 जून को होने जा रहा है। आज नई दिल्ली में मीडिया से बाचचीत में सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि इस महोत्सव में 59 देशों की तीन सौ चौदह फिल्मों की स्क्रीनिंग होगी। महोत्सव की थीम अमृतकाल में भारत है।

जापान, रूस, बेलारूस, ईरान, इटली, वियतनाम और माली की कुल 17 फिल्में भी महोत्सव में दिखाई जायेंगी।

समाचार संक्षेप में....

1. भोपाल में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के बिजली नगर कालोनी स्थित आस्था परिसर में कल से 22 जून तक निशुल्क योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है।
2. शहडोल वन वृत्त में वन विभाग इस बार 22 लाख पौधे लगाने की तैयारी कर रहा है। वन विकास निगम की नर्सरियों में पौधे तैयार किए जा रहे हैं। वर्षा शुरू होते ही वृक्षारोपण शुरु हो जाएगा।
3. शिवपुरी जिला पीएम जनमन आवास निर्माण के किए जाने के मामले में लगातार सफलता पा रहा है। अब तक शिवपुरी ब्लॉक में ही 600 पीएम जनमन आवास पूर्ण हो चुके हैं। यह संख्या पूरे देश में सबसे ज्यादा है।
4. आगरमालवा में लोकसभा निर्वाचन की प्रक्रिया सम्पन्न होने पर जिले में निलम्बित शस्त्र लायसेंस बहाल कर दिए गए हैं ।
5. स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा अमर शहीद बिरसा मुण्डा के बलिदान दिवस पर स्वराज वीथी भोपाल में आज से 9 जून तक जरा याद करो कुर्बानी चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है.
6. देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद टोंकखुर्द के ग्राम सलामखेड़ी में निर्मल नीर की सफाई की गई।
7. बैतूल में राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल के अंतर्गत आज जिला जेल में बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों ने 150 बंदियों का परीक्षण किया।
8. सीहोर जिले की बुदनी तहसील के सलकनपुर रोड़ पर आज बस और बाइक की टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई । और

9. खरगोन जिले के भीकनगांव में लोकायुक्त इंदौर की टीम ने एक वनरक्षक को आज 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकड़ा है।

-------------------